आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर में ''मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना'' का शुभारम्भ किया। इस योजना का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना है। इस दौरान प्राथमिक शिक्षकों को टैबलेट भी वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को टैबलेट देने का उद्देश्य उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में तकनीक के इस्तेमाल से प्रदेश के बच्चों को गुणात्मक और बेहतर शिक्षा दी जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बच्चों को स्कूली शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाएगी और इसके लिए शिक्षकों की जवाबदेही भी तय होगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी इस दौरान मौजूद रहे।

सदस्यता अभियान

भारतीय जनता पार्टी आगामी एक सितंबर से नया सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत पार्टी का उद्देश्य 10 करोड़ से अधिक सदस्यों को जोड़ने का है। यह निर्णय दिल्ली में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया। भाजपा के अनुसार यह सदस्यता अभियान उन राज्यों में नहीं चलाया जाएगा जहां चुनाव होने हैं। इस अभियान के तहत पार्टी द्वारा मिस्ड कॉल देकर, क्यूआर कोड स्कैन कर, नमो एप का उपयोग कर और भाजपा की वेबसाइट के माध्यम से नए सदस्य जोड़े जाएंगे। भाजपा का दावा है कि उसके सदस्यों की संख्या 18 करोड़ से अधिक है और वह दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस सरकार तालाबंदी की सरकार बन गई है और पिछले डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने स्कूलों, अस्पतालों और अन्य संस्थानों को बंद करने का कार्य किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए 11 सौ से अधिक संस्थानों को बंद करने के बाद अब प्रदेश में 8 सौ से अधिक स्कूलों को बंद किया जा रहा है। इसके अलावा जनहित से जुड़ी कई योजनाओं को भी सरकार ने बंद कर दिया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर उन्हें आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने राज्यपाल को इन क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे पुनर्निर्माण कार्यों से भी अवगत करवाया। लोक निर्माण मंत्री ने उम्मीद जताई कि केन्द्र सरकार के सहयोग से पुनर्निर्माण कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी प्रदेश को पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया गया है।

गोविंद ठाकुर

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कुल्लू ज़िले में वन माफिया द्वारा की जा रही अवैध गतिविधियों पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बंजार के बाद अब मनाली क्षेत्र के बंदरोल में राष्ट्रीय उच्च मार्ग के समीप चील के 21 हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने की घटना सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि वन माफिया को सरकार का भरपूर संरक्षण मिला है जिससे वे निडर होकर ऐसी अवैध गतिविधियां कर रहे हैं। गोविंद सिंह ठाकुर के अनुसार इन अवैध कटान की गतिविधियों के बावजूद कानूनी कार्रवाई न के बराबर हो रही है।

रक्षाबंधन

रक्षाबंधन का पर्व कल देशभर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राष्ट्रपति ने कहा है कि रक्षाबंधन भाईयों और बहनों के बीच के अनोखे बंधन का एक त्योहार है। यह त्योहार भाई–बहन के बीच परस्पर विश्वास और प्रेम को सशक्त बनाता है।

ई–केवाईसी

प्रदेश सरकार ने राशन कार्डधारकों के लिए ई–केवाईसी करवाने की तिथि 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। हमीरपुर जिला के खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के निर्देशों के अनुसार राशन कार्डधारकों की ई–केवाईसी करने का अभियान चलाया गया है। ई–केवाईसी प्रक्रिया के तहत प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य को अपना नाम, जन्म तिथि आदि का मिलान अपने आधार डाटा के साथ करना है। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर में अभी तक केवल 83 प्रतिशत राशन कार्डधारकों द्वारा ही ई–केवाईसी करवाई गई है। उन्होंने बताया कि यदि उपभोक्ता 30 सितंबर तक ई–केवाईसी प्रमाणीकरण नहीं करवाते है तो उनका राशन कार्ड अस्थायी रूप से ब्लॉक कर दिया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है जिसके चलते अधिकतर भागों में वर्षा का क्रम जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर वर्षा का समाचार है। राजधानी शिमला व आसपास के क्षेत्रों में भी दोपहर बाद से रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई है।।

………………………………